Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 16 सितंबर, 2022

विश्व ओज़ोन दिवस

प्रत्येक वर्ष **16 सितंबर** को विश्व ओज़ोन दिवस (World Ozone Day) के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य**उद्देश्य** ओज़ोन परत में हो रहे क्षरण **के बारे में आम लोगों को जागरूक करना और इसे संरक्षित करने के संभावित समाधानों की खोज करना है। ओज़ोन (Ozone-O3)** ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से मिलकर बनने वाली एक गैस है जो वायुमंडल में बेहद कम मात्रा में पाई जाती है। ओज़ोन गैस**समतापमंडल (Stratosphere)** में अत्यंत पतली एवं पारदर्शी परत के रूप में पाई जाती है। यह वायुमंडल में मौजूद समस्त ओज़ोन का कुल 90 प्रतिशत है। इसे ही ओज़ोन परत के नाम से जाना जाता है और यह परत पृथ्वी को सूर्य की सबसे हानिकारक पराबैंगनी विकिरण (UV) से बचाती है। गौरतलब है कि**19 दिसंबर, 1994 को** संयुक्त राष्ट्र महासभा **ने वर्ष 1987 में 16 सितंबर के दिन** मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल (Montreal Protocol) **पर हस्ताक्षर किये जाने के उपलक्ष्य में विश्व ओज़ोन दिवस मनाने की घोषणा की थी।** मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का उद्देश्य ओज़ोन परत के क्षरण के लिये उत्तरदायी पदार्थों के उत्पादन को कम करके ओज़ोन परत का संरक्षण सुनिश्चित करना है। **विश्व ओज़ोन दिवस 2022 की थीम "पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करने वाला वैश्विक सहयोग" (Global Cooperation Protecting life on Earth)** रखी गई है।

"ई-बाल निदान पोर्टल "

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (National Commission For Protection of Child Rights-NCPCR) और **राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (State Commission For Protection of Child Rights- SCPCR)** के समन्वित कामकाज एवं **बाल अधिकार संरक्षण आयोग (Commission for Protection of Child Rights-CPCR) अधिनियम, 2005** की **धारा 13(2)** के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए NCPCR "ई-बाल निदान" पोर्टल पर सभी SCPCR तक पहुँच प्रदान करेगा। **NCPCR** राज्य आयोगों को यूज़र आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराएगा ताकि **वे पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को देख सकें तथा आवश्यक कार्रवाई** कर सकें। इसके अलावा पोर्टल के पास **NCPCR से पंजीकृत शिकायतों को संबंधित राज्य आयोग को स्थानांतरित करने का विकल्प** होगा। यदि वे शिकायत समाधान में NCPCR की भागीदारी चाहते हैं तो राज्य आयोगों को संयुक्त जाँच का विकल्प भी प्रदान किया जाएगा। आयोग ने **वर्ष 2022** में नई सुविधाओं को शामिल करने के लिये **इस पोर्टल को नया रूप दिया** है, जो शिकायतों से निपटने के दौरान **शिकायतकर्त्ताओं के साथ-साथ आयोग के लिये भी लाभदायक** होगा। कुछ नई विशेषताओं में **यंत्रीकृत और समयबद्ध तरीके से शिकायत की प्रकृति के आधार पर बाल अपराध न्याय, पॉक्सो, श्रम, शिक्षा** आदि जैसे विषयों में शिकायतों का विभाजन, **आयोग में आंतरिक निगरानी एवं शिकायतों का हस्तांतरण, प्रत्येक स्तर पर शिकायतों की अधिक से अधिक ट्रैकिंग** शामिल है।

विनेश फोगाट

विनेश फोगाट **विश्व कुश्ती चैंपियनशिप** में **दो मैडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।** विनेश ने 14 सितंबर, 2022 को **सर्बिया के बेलग्राद में 53 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतने** के बाद यह उपलब्धि हासिल की। **राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता विनेश** ने मौजूदा **यूरोपियन चैंपियन स्वीडन की ईम्मा मामग्रेन** को पराजित किया। तीन बार राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेता रही विनेश ने क्वालीफायर दौर में अपनी पराजय के बाद शानदार वापसी की। 12 सितंबर को पहले मैच में मंगोलिया की खुलान बतखुयाग से पराजित होने के बाद विनेश को रेपचेज दौर के माध्यम से कांस्य पदक मुकाबले में भाग लेने का मौका मिला। चैंपियनशिप में यह उनका **दूसरा कांस्यपदक** है। इससे पहले **वर्ष 2019 में कज़ाखस्तान के नूर सुल्तान में उन्होंने पदक जीता** था। दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट के पास राष्ट्रमंडल खेलों के दो स्वर्ण पदक, एशियाई खेलों का एक स्वर्ण पदक है। विनेश अपनी चचेरी बहन **गीता फोगाट और बबीता कुमारी** के नक्शेकदम पर चल रही हैं। वह भारत के प्रसिद्ध कुश्ती परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके चाचा **महावीर सिंह फोगाट** ने बहुत ही कम उम्र में उनका इस खेल से परिचय करवा दिया था। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप **संयुक्त विश्व कुश्ती संघ** द्वारा आयोजित शौकिया (Amateur) कुश्ती विश्व चैंपियनशिप हैं। पुरुषों का ग्रीको-रोमन कुश्ती टूर्नामेंट वर्ष 1904 में और पुरुषों का **फ्रीस्टाइल कुश्ती टूर्नामेंट** वर्ष 1951 में शुरू हुआ। महिला फ्रीस्टाइल कुश्ती टूर्नामेंट पहली बार **वर्ष 1987 में** आयोजित किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-16-september-2022